दिनांकः 17.08.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल साउथ के देशों से एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने आज तीसरे ''वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ'' वर्चुअल सम्मेलन में अपने प्रारम्भिक वक्तव्य में ग्लोबल साउथ के देशों के साथ सहयोग की भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने व्यापार, समावेशी विकास, सतत विकास के लक्ष्यों में प्रगति तथा महिलाओं के नेतृत्व में विकास को बढ़ावा देने के प्रति भी भारत की वचनबद्धता दोहराई। समावेशी विकास में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे–डीपीआई की भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी–20 सम्मेलन में एक ग्लोबल डीपीआई डिपोजिटरी का गठन इस संबंध में आम सहमति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत ने ग्लोबल साउथ में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में प्रगति के लिए एक सामाजिक कोष की स्थापना की है। श्री मोदी ने कहा कि भारत इस कोष में दो करोड पचास लाख डालर का शुरूआती योगदान करेगा।

कोलकाता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की घटना को लेकर प्रदेशभर में सरकारी और निजी अस्पतालों में चिकित्सकों का कार्य बहिष्कार जारी है। इसके चलते ज्यादातर अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम मीणा के नेतृत्व में नर्सेज ने राजधानी जयपुर में न्याय यात्रा निकाली। डॉक्टरों की हड़ताल को देखते हुए चिकित्सा विभाग ने लोगों के उपचार के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की हैं। इस बीच, चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को माकूल इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। श्रीमती सिंह ने चिकित्सकों से आमजन के हित में हड़ताल का रास्ता छोड़कर सांकेतिक विरोध दर्ज कराने और मरीज़ों के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की है।

उदयपुर शहर में कल उपजे तनाव के बाद आज स्थिति नियंत्रण में है। शांति व्यवस्था के लिए जगह–जगह पुलिस ज़ाब्ता तैनात किया गया है। ज़ोनल मजिस्ट्रेट के साथ रिजर्व पुलिस बल के अतिरिक्त ज़ाब्ते को लगाया गया है। शहर में ज्यादातर दुकानें खुल गई हैं। इधर, जिला प्रशासन ने आगामी आदेश तक सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। शहर में शांति बनाए रखने के लिए अगले 24 घंटे तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई है। उदयपुर के निकटवर्ती जिलों में भी इस घटना के बाद सतर्कता बढा दी है। गौरतलब है कि कल एक छात्र को सहपाठी द्वारा चाकू मारने की घटना के बाद उदयपुर में स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। इस बीच, जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल से विशेषज्ञ डॉक्टरों के एक दल को घायल बच्चे के इलाज उदयपुर भेजा गया है। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया भी स्थिति की जानकारी लेने के लिए उदयपुर पहुंचे हैं।

जयपुर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम, सीवरेज, और नालों की सफाई का आज प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित तथा नगर निगम, हाउसिंग बोर्ड और जेडीए के अधिकारी भी साथ रहे। यह निरीक्षण शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। राज्य के पश्चिमी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 14–14 सेंटीमीटर बारिश जैसलमेर के नाचना और लाठी में हुई। इसके अलावा पोकरण में 12, बीकानेर के नोखा में 9, नागौर के जायल में 8 सेंटीमीटर पानी बरसा। जैसलमेर से हमारे संवाददाता

ने बताया कि मोहनगढ और नाचना नहरी क्षेत्र में भारी बारिश के कारण फसलों को नुकसान पहुंचा है। टोंक के बीसलपुर बांध में पानी की आवक बनी हुई है। बांध का जल स्तर 313 दशमलव एक एक आरएल मीटर हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज जैसलमेर जिले में कहीं–कहीं भारी बारिश होने तथा राज्य के शेष भागों में छुटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात के आसार हैं। जोधपुर और बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों में कल से बारिश की गतिविधियों में कमी आने का पूर्वानुमान है।

टोक्यो पैरालिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल और शॉट–पुट स्टार भाग्यश्री जाधव पेरिस पैरालिंपिक के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। पैरालिंपिक खेल 28 अगस्त से 8 सितम्बर तक होंगे।